उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 12 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/02-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 16 फरवरी, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2022, अनुदेशक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/03 के अंतर्गत आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-01/02/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2022-2024/02-परीक्षा/2022, दिनांक 06-01-2024 एवं 04/02/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2022-2024/02-परीक्षा/2022, दिनांक 24-01-2024 द्वारा लिखित परीक्षा हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी । उक्त के अतिरिक्त आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-40/26/तीन(परी0-1)/2022/खण्ड-1, दिनांक 24-01-2024 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा दिनांक 25-02-2024 को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में सूचित किया गया था।

उक्त के क्रम में संबन्धित अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा दिनांक 25-02-2024 (10:00 AM TO 12:00 PM) को जनपद लखनऊ में आयोजित की जाएगी। सम्बन्धित अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु अपने प्रवेश पत्र दिनांक 16-02-2024 से आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से पूर्व उन्हें श्रेणीवार निर्धारित शुल्क यथा- अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200 रू0 तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 80 रू० ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को शुल्क का भुगतान नहीं करना है।

मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

16.02.2024
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।